कुछ महत्वपूर्ण शब्दों की व्याख्या

अभिलेखागार

यह शब्द एक ऐसे स्थान का सूचक है जहाँ अभिलेख, दस्तावेज, पांडुलिपियाँ अथवा ऐतिहासिक महत्व के प्राथमिक स्रोत संभाल कर रखे जाते हैं। इन सामग्रियों का उपयोग ऐतिहासिक घटनाओं के पुनर्निर्माण के लिए किया जाता है। आजकल, अधिकांश सरकारी और गैर सरकारी संस्थाएँ इस तरह के अभिलेखों और सामग्रियों के संग्रहण, संरक्षण और प्रसार के लिए अपने-2 अभिलेखागार रखती हैं। कुछ अभिलेखागार दृश्य-श्रव्य (देखने और सुनने वाली) सामग्रियाँ भी रखते हैं। आजकल, अभिलेखागारों में दस्तावेजों के भारी संग्रह को समुचित ढंग से संरक्षित के लिए डिजिटलीकरण के तरीके को अपनाया गया है ।

उपनिवेशवाद,उपनिवेशकर्ता, उपनिवेशीकरण, उपनिवेश

साधारण अर्थ में, यह शब्द किसी एक देश द्वारा किसी दूसरे देश पर अपने लाभ के लिए पूर्ण या आंशिक नियंत्रण की स्थापना का द्योतक है। आधुनिककाल में उपनिवेशवाद की ऐसी प्रक्रिया 1492 में यूरोप से अमेरिका जाने और 1498 में भारत जाने के समुद्री मार्गों की खोज के साथ प्रारंभ हुई थी । अटलांटिक महासागर के आर-पार की गई इन खोजों के बाद पुर्तगाल, स्पेन, नीदरलैंड , फ़्रांस, इंग्लैंड , जर्मनी और इटली जैसे यूरोपीय राष्ट्र-राज्यों ने महाद्वीपों के उस पार कुछ और राज्य क्षेत्रों का पता लगाने के लिए और उन राज्य क्षेत्रों मे अपनी व्यापारिक बस्तियां बसने के लिए विशाल संसाधनों का निवेश किया । लेकिन धीरे-धीरे इन यूरोपीय शक्तियों ने स्थानीय राजनीति में भी हस्तक्षेप करना शुरू कर दिया और अंततोगत्वा वे कूटनीति और युद्ध के माध्यम से उन प्रदेशों के विभिन्न प्रकार के लोगों पर अपना नियंत्रण स्थापित करने मे सफल हो गए । इन उपनिवेशकर्ताओं द्वारा यह सब कार्य अपने आर्थिक स्वार्थोंकी सिद्धि के लिए

और यूरोप महाद्वीप में अपने वर्चस्व की स्थापना हेतु अपनी लड़ाइयाँ लड़ने के लिए किया गया । किन्तु इस प्रक्रिया के माध्यम से, जिसे अक्सर 'उपनिवेशीकरण' कहा जाता है, उन उपनिवेशों के स्थानीय निवासियों को अपने सतत आर्थिक शोषण , राजनीतिक दामन तथा सांस्कृतिक विस्थापन के कारण अनेक कष्ट सहने पड़े ।

स्रोत: रा.शै.अ. प्र.प. **(2017),** *इतिहास का शब्दकोष विद्यालयों के लिए (त्रिभाषीय)*, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद्,नई दिल्ली।